हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 27 .6 डिग्री
न्यूनतम 11 .5 डिग्री

11 गैरकानूनी अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र, मोबाइल वैन व सीमावर्ती राज्यों में लिंग जांच पर सख्त कार्यवाही करें: डीसी



12 पुलिस और आमजन के समन्वय से ही अपराध एवं अपराधियों पर कारगर ढंग से लगाया जा सकता अंकुश



DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
सुनहरा अवसर
आप सभी के लिए
100 गज का प्लाट मात्र
1 लाख में*
लक्की ड्रा के तहत
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575

## खबर संक्षेप

### जोनावास में खेत से पानी की मोटर चोरी

**धारूहेड़ा।** गांव जोनावास स्थित खेत से चोर पानी की मोटर चोरी की ले गए। गांव निवासी सतीश कुमार यादव ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खेत में तार फैंसिंग का काम चल रहा है, जिसके लिए उसने खेत में पानी की सुविधा के लिए मोटर लगाई हुई थी। 16-17 फरवरी की रात खेत से पानी मोटर चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### समारोह स्थल के बाहर से बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा के नंदरामपुर बास स्थित समारोह स्थल के बाहर से बाइक चोरी हो गई। नंदरामपुर बास निवासी सचिन यादव ने पुलिस को बताया कि वह 16 फरवरी शाम करीब 8 बजे नंदरामपुर बास स्टैंड स्थित शिवालय वाटिका में लगन प्रोग्राम में गया था और अपनी मोटरसाइकिल बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। जब कुछ देर बाद वह वापस आया तो वहां से बाइक गायब थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास में खेत पर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे गंभीर चोटों के कारण युवक बेहोश हो गया। गांव आलमपुर जिला अलवर राजस्थान निवासी खजान सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित गांव नंदरामपुर बास में रहकर साजे की खेती करता है। 10 फरवरी को उसका लड़का सुरेन्द्र खेत से मोटर साइकिल पर दूसरे खेत में जा रहा था। काफी देर तक उसके वापस नहीं आने पर जब वह खेत पर गया तो सुरेन्द्र तातारपुर से नंदरामपुर बास सड़क पर नहर के पास घायल हालत में पडा था व उसकी मोटर साइकिल भी पास में ही पडी थी। उन्होंने उसे तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गभीर चोटों के कारण डॉक्टरों ने सुरेन्द्र को रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया।

### धारोली-कोसली मार्ग पर दुर्घटना में कबाड़ी घायल

**कोसली।** धारोली से कोसली मार्ग पर एक तेज रफ्तार गाड़ी ने कबाड़ी की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई। कोसली में हुड्डा पार्क के पास झुग्गी में रहने वाले परवाना ने कोसली थाना पुलिस को बताया कि वह कबाड़ी फेरी का काम करता है। 15 फरवरी दोपहर करीब 1 बजे वह बाइक पर धारोली से कोसली जा रहा था। तभी पीछे से आए एक गाड़ी चालक ने उसकी साइड दबाकर अचानक उसके सामने आकर ब्रेक लगा दिए, जिससे उसकी मोटरसाइकिल गाड़ी जा घुसी और वह सड़क पर गिर गया, जिससे उसे काफी चोटें आई।

### कार की टक्कर से साइकिल सवार महिला गंभीर घायल

**रेवाड़ी।** बेरली रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार दो लोगों को को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चालक घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाकर फरार हो गया। रामसिंह पुरा में किराये पर रहने वाले गांव कांटी कोठिया जिला मुजफरपुर बिहार निवासी राजू कुमार ने रामपुरा थाना पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को उसकी मां शांति देवी अपने हेल्पर अतिराम निवासी गुलाबी बाग के साथ साइकिल पर बैठकर मजदूरी के लिए गांव लाखनौर गई थी।

---

शहर को लंबे समय से थी एंटी स्मॉग व ट्रीमिंग मशीन की जरूरत, नगर परिषद ने निदेशालय को भेजी थी डिमांड

# अब शहर में ट्रीमिंग मशीन से पेड़ों की छंटाई व वाटर स्प्रिंकलर से होगा पानी का छिड़काव

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

शहर के पेड़ों की कटाई-छंटाई के लिए अब नगर परिषद को स्काई लिफ्ट ट्री मेंटेनेंस मशीन यानि ट्रीमिंग मशीन मिल गई है। ट्रीमिंग मशीन के मिलने से अब शहर की सड़कों पर लटकते व बिजली की तारों में उलझती पेड़ों की टहनियों की कटाई की जा सकेगी। नगर परिषद परिसर में करीब 30 लाख कीमत स्काई लिफ्ट ट्री मेंटेनेंस मशीन पहुंच चुकी है। जल्द ही मशीन से सड़कों पर लटकते पेड़ों को व्यवस्थित किया जाएगा। इससे पहले जनवरी के अंतिम सप्ताह में नगर परिषद को करीब 40 लाख रुपये कीमत की नई वाटर स्प्रिंकलर मशीन यानि एंटी स्मॉग मशीन मिल चुकी है। देश के बड़े शहरों की तरह अब रेवाड़ी की सड़कों पर भी एंटी स्मॉग मशीन व ट्रीमिंग मशीन कार्य करती नजर आएगी।

नगर परिषद को मिली दो मशीनें





रेवाड़ी। नगर परिषद में खड़ी नई स्काई लिफ्ट ट्री मेंटेनेंस मशीन, नगर परिषद में खड़ी नई वाटर स्प्रिंकलर मशीन। फोटो :हरिभूमि

### प्रदूषण को कंट्रोल करेगी एंटी स्मॉग मशीन

हालांकि एंटी स्मॉग मशीन की जरूरत बढ़ते प्रदूषण के समय ज्यादा होती है। इस समय वातावरण बिल्कुल साफ चल रहा है, इसलिए इस मशीन की अभी ज्यादा जरूरत नहीं पड़ने वाली है। आगामी गर्मी के सीजन में आंधी व उड़ती धूल को रोकने के लिए एंटी स्मॉग मशीन का इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन अब नवंबर-दिसंबर के समय वायु प्रदूषण बढ़ने पर संकट होने पर एंटी स्मॉग मशीन काफी काम आने वाली है। पिछले चार-पांच वर्षो से नवंबर से जनवरी तक वायु प्रदूषण बढ़ने के कारण स्मॉग छाने से शहरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। एनसीआर में शामिल होने के कारण रेवाड़ी में भी ग्रेप लागू हो रहा था। संसाधन के अभाव में नगर परिषद को फायर ब्रिगेड व ट्रैक्टरों की सहायता से मदद से पेड़ों और अन्य जगह पर पानी का छिड़काव करना पड़ रहा था, लेकिन अब एंटी स्मॉग मशीन मिलने से सुविधा हो गई है।

### ट्रीमिंग मशीन से गर्मी में मिलेगी राहत

गर्मी के सीजन में आंधी व तेज हवाओं के कारण तारों में उलझे पेड़ों की टहनियों से काफी फाल्ट हो जाते है। कटाई-छंटाई के अभाव में शहर की मुख्य सड़कों, कॉलोनियों व सेक्टरों में पेड़ों की टहनियां सड़कों पर झुकी हुई है तथा काफी पेड़ बिजली के तारों में भी उलझे हुए है। अब ट्रीमिंग मशीन मिलने से इन पेड़ों की कटाई-छंटाई करने में काफी सुविधा मिलेगी। ट्रीमिंग मशीन में 12 मीटर की स्कॉई लिफ्ट है, जिस पर चढ़कर ऊंचे पेडों की टहनियों की भी कटाई-छंटाई भी व्यवस्थित कर सकेंगे। नगर परिषद ईओ संदीप मलिक ने बताया कि दोनों मशीनों के लिए उच्च अधिकारियों को गत वर्ष डिमांड भेजी गई थी, नगर परिषद को दोनों मशीनों की सुविधा मिल गई है।

**जल्द किया जाएगा मशीनों का इस्तेमाल**

नगर परिषद को लंबे समय से एंटी स्मॉग मशीन और ट्रीमिंग मशीन की आवश्यकता थी। अब शहर के लिए दोनों नई मशीनें मिल गई है। ट्रीमिंग मशीन से सड़कों पर लगे पेड़ों की टहनियों की छंटाई करने का कार्य किया जाएगा तथा वाटर स्प्रिंकलर मशीन पानी का छिड़काव करने का कार्य करेगी।
**पूनम यादव, चेयरपर्सन, नगर परिषद, रेवाड़ी।**

---

# समाधान शिविर में दिए गांव मालाहेडा के अवैध कब्जे हटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लघु सचिवालय में प्रतिदिन समाधान शिविर में नागरिकों की विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुनकर अधिकारी मौके पर उनका समाधान कर रहे हैं। मंगलवार को डीसी अभिषेक मीणा के निर्देश पर जिला समाज कल्याण विभाग ने नया गांव निवासी सतबीर की बुढ़ापा पेंशन बनवाई।

एक अन्य शिकायत की सुनवाई के बाद डीसी ने मालाहेडा गांव में अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की प्रत्येक शिकायत के निदान के लिए रोजाना सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय तथा उप मंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। समाधान शिविर में एक छत के नीचे ही सभी विभागों से संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर निपटान किया जा रहा है। इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजलि, सीटीएम प्रीति रावत, एसडीएम सुरेंद्र सिंह व डीडीपीओ नरेंद्र सारवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

# अवैध हथियार रखने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सदर थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला रोहतक के गांव सुनारिया खुर्द निवासी अजय उर्फ बाबा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 3-4 फरवरी की रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव गंगायाचा अहीर के पास एक गाड़ी में दो युवक संदिग्ध हालत में खड़े हुए है। सूचना पर पुलिस ने मौके से आरोपियों को काबू करके नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम भूपेन्द्र निवासी कवंर सिंह कॉलोनी जिला झज्जर व सोनू निवासी गांव भिंडावास जिला झज्जर बताया। पुलिस ने आरोपियों की गाड़ी की तलाशी लेने पर एक अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा रोंद बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके दोनों आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि वह अपने साथी जिला रोहतक के गांव सुनारिया खुर्द निवासी अजय उर्फ बाबा के साथ मिलकर लूट की योजना के मंसूबे से यहां आए थे। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी अजय उर्फ बाबा को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी अजय उर्फ बाबा। फोटो :हरिभूमि

# राज स्कूल में करियर गाइडेंस सेमिनार का हुआ आयोजन





रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में बोर्ड परीक्षा के सभी विद्यार्थियों व अस्पिरंटस के लिए प्रेरणादायक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। परामर्श सत्र का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के दौरान व बाद की चुनौतियों का सामना करने के लिए अवगत कराना था और भविष्य में मिलने वाले बेहतरीन स्कोप व नए विकल्पों का सही चयन करके अपना करियर बनाने के लिए बताया गया। मुख्य अतिथि व मोटीवेशनल स्पीकर प्रवीण कुमार निदेशक स्पर्श अकादमी, डा. नवीन कुमार पिप्लानी डिप्टी रजिस्ट्रार आईजीयू मीरपुर और डा. मनमीत एसडीओ, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट ने छात्रों व अभिभावकों को जानकारी दी। कार्यक्रम में शारदा जैन व धर्मेंद्र वाइस प्रेसिडेंट सेल्स डिंको मोटर्स भी शामिल हुए। स्कूल चेयरमैन राजेन्द्र , निदेशक नवीन , जितेंद्र व हेमंत और प्राचार्य कुलदीप जांगिड़ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अकादमिक निदेशक जितेंद्र सैनी ने कहा कि ऐसे सत्र छात्रों को उनके भविष्य के बारे में निर्णय लेने, लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं रणनीति विकसित करने में मददगार साबित होते हैं। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर सुमित, मनीष, पीआरओ रिया व डा. नवीन अदलखा सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

---

**कार्यवाही** आरोपी अजय उर्फ मच्छर के खिलाफ पहले भी थाना धारूहेड़ा में आर्म्स एक्ट का एक मामला दर्ज

# बावल गारमेंट्स की दुकान में चोरी करने वाले चार आरोपी चंद घंटों में काबू

- पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल थाना पुलिस ने कस्बे के रेलवे रोड स्थित एक गारमेंट्स की दुकान में चोरी करने के मामले में चार आरोपियों को चंद घंटों में ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव खेड़ा मुरार निवासी नरेश उर्फ नरसु, गांव गुर्जर माजरी निवासी मोनू, गांव मंगलेश्वर निवासी राहुल व अजय उर्फ मच्छर के रूप में हुई है। गत 17 फरवरी को मोहल्ला कानुगो बावल निवासी लोकेश ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी बावल में रेलवे रोड स्थित एक गारमेंट्स की दुकान है। गत 16-17 फरवरी की रात में उसकी दुकान का ताला तोड़कर नकदी, जूते, कपड़े व अन्य गारमेंट्स का सामान चोरी हो गया था। चोरी की वादतात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। पुलिस ने थाना बावल में चोरी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। बावल थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि आरोपी अजय उर्फ मच्छर के खिलाफ पहले भी थाना धारूहेड़ा में आर्म्स एक्ट का एक मामला दर्ज है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी करने वाले आरोपी। फोटो :हरिभूमि



### बैट्री चोरी करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने बैट्री चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव फिरोजपुर नमक निवासी तौफिक उर्फ भूरा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 9 मार्च को राजस्थान के जिला पाली के गांव पिलपाया निवासी रतन लाल ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह तनुश्री लॉजिस्टिक कंपनी की गाड़ी चलाता है। 8-9 मार्च 2024 को बह एनएच-48 हाइवे पर गांव खिजूरी के पास एक होटल पर खाने के लिए रुका था। रात्रि के समय कोई उसके ट्राले की दो बैट्री चोरी करके ले गया। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी मुस्तकिम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जिला नूंह के गांव फिरोजपुर नमक निवासी तौफिक उर्फ भूरा को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### शांति निकेतन आश्रम में भंडारा 4 मार्च को

**नाहड़।** खंड नाहड़ के गांव गुर्जरवास स्थित शांति निकेतन आश्रम में स्वामी धर्मानंद सरस्वती महाराज की याद में 4 मार्च को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अखंड रामायण पाठ तथा मेले का आयोजन भी किया जाएगा। सरपंच कृष्ण कुमार, स्वामी धर्मानंद सरस्वती कमेटी के प्रधान हरीश नंबरदार, सुंदर सिंह, रिंकू पहलवान व गुरदयाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में संतों के अलावा नाहड, गुर्जरवास, लुखी, बिसोहा, गांवड़ी, गढ़ी, कोहारड़, भड़ंगी व नया गांव से श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 3 मार्च को पंडित रामेश्वर कोहारड़ व गोविंद शर्मा नाहड़ सहित 11 ब्राह्मणों की ओर से रामायण का अखंड पाठ किया जाएगा।



# फिल्म कन्नप्पा से प्रभास का रुद्र लुक रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है। फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म से अक्षय तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था।



लाइफ Style

# रश्मिका

## टैग मिलने से नहीं मेहनत से बनता है कॅरियर

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक समय में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर थीं। 28 साल की उम्र में ही वो भारत की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने कहा कि टैग्स मिलने से करियर नहीं बनता, बल्कि मेहनत, लगन, लोगों का प्यार और उनकी फिल्में मायने रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से करियर शुरू करने वाली रश्मिका को लगा था कि ये उनकी पहली और आखिरी फिल्म होगी। रश्मिका मंदाना ने बताया, 'आज मैं 24 फिल्मों के बाद भी यहां हूं। मुझसे ज्यादा सुंदर और टैलेंटेड महिलाएं इंडस्ट्री में हैं, लेकिन मुझे अपनी इस जर्नी पर गर्व है। मैं अपने फैंस से गहराई से जुड़ी हुई हूं और ये मेरे लिए बहुत खास है'। पिछले दो सालों में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में दो बड़ी हिट फिल्में दी हैं। 2023 में 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम किया, जिसने 1,000 करोड़ से ज्यादा कमाए। वहीं, 2024 में 'पुष्पा 2: द रूल' में श्रीवल्ली के किरदार में वापसी कर 1,800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'छावा' है, जिसमें वे विक्की कौशल के साथ नजर आ रही हैं। ये फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसे लक्ष्मण उतेकर निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रश्मिका ने कहा, 'अगर साउथ और हिंदी इंडस्ट्री में एक साथ कोई इवेंट हो, तो तय करना मुश्किल होता है लेकिन मुझे हर जगह से इतना प्यार मिला है कि मैं अपनी नींद छोड़कर भी वहां पहुंचना चाहती हूं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'कैप्टन अमेरिका' की कमाई में गिरावट...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' भारत में रिलीज हुई। मार्वल प्रोडक्शन की इस फिल्म को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। जानिए, अब तक इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस कितना कलेक्शन किया? पांचवे दिन की इसकी कमाई क्या रही। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' ने पांचवें दिन लगभग 52 लाख रुपये ही कमाए हैं। यह कमाई पिछले दिनों के मुकाबले कम है। इस हॉलीवुड फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में लगातार गिरावट आ रही है।



# क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे मैट डेमन

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम की घोषणा हो गई है। बता दें कि इस फिल्म में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। ये खुशखबरी सामने आते ही अभिनेता के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में फिल्म रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस यात्रा में ओडिसियस को कई खतरे उठाने पड़ते हैं।



# एक्टर की परिभाषा बदल रही है...

**मुंबई।** एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा कि एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया, बल्कि उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के ज़रिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, "एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है। समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। समरीन जल्द ही कुछ आपको कुछ बेहद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नज़र आएँगी। उन्होंने आगे कहा, "आजकल सिर्फ फिल्म डेब्यू काफी नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अलग-अलग माध्यमों के जरिए दर्शकों से जुड़ें। हालांकि, समरीन ने अपनी सोशल मीडिया प्रेजेंस के जरिए अपने दर्शक कमाए हैं।



# 'द पैराडाइज' का ऐलान शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** प्रोडक्शन हाउस एसेसलवी सिनेमा ने अपनी अगली फिल्म 'द पैराडाइज' का ऐलान कर दिया है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म का ऐलान दिलचस्प पोस्टर के साथ किया गया। फिल्म द पैराडाइज में म्यूजिक की कमान रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने संभाली है। फिल्म द पैराडाइज में अभिनेता नानी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म पैराडाइज के निर्माता एसएलवी प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, हैदराबाद की धड़कनें पूरी दुनिया में गूंजेंगी। द पैराडाइज में रॉकस्टार अनिरुद्ध का म्यूजिक है, निर्देशक श्रीकांत ओडेला है और फिल्म में मुख्य कलाकार नानी हैं। यह फिल्म तीन शानदार ताकतों का मिलाजुला परिणाम होगी: नेचुरल स्टार नानी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, और रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर।'

## टीवी मसाला



# अंगूरी भाभी के दीवानों के लिए खुशखबरी...

मुंबई। सबसे लंबे समय तक चलने वाले टीवी कॉमेडी डेलीज में से एक 'भाबी जी घर पर हैं!' के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है। सालों से दर्शकों के प्यार से सराबोर रहे इस टीवी शो पर फीचर फिल्म बनने जा रही है। इस शो पर शशांक बाली द्वारा निर्देशित फिल्म इसी साल रिलीज होगी, जिसके लिए शूटिंग 15 मार्च से देहरादून (उत्तराखंड) में शुरू होगी। अभिनेता रोहिताश्व गौर (जो मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं) ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, "जी, वाकई ये सच है! हम बेहद उत्साहित हैं, अभिनेता होने के नाते हम सभी खुद को सिल्वर स्क्रीन पर वापस देखने का सपना देखते हैं और यह हो रहा है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव (जो अनीता मिश्रा का किरदार निभा रही हैं) कहती हैं, "यह हमारे प्रशंसकों के प्यार की वजह से है कि हम इतनी बड़ी छलांग का हिस्सा बन रहे हैं। मैं इस शो से बहुत बाद में जुड़ी, लेकिन आज यह मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, "शो का सार बना रहेगा और हम दर्शकों के लिए बहुत सारा धमाल करने का वादा करते हैं। स्टार कास्ट में रोहिताश्व और विदिशा, आसिफ शेख (जो विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी तिवारी) के अलावा अन्य किरदार शामिल होंगे जो शो की सफलता का हिस्सा रहे हैं। 10 साल से प्राइम-टाइम स्लॉट में चल रहा शो के 2,500 से अधिक एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं।

# टीवी शो 'शिव शक्ति तप त्याग तांडव' में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी..

**घुमारवीं।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।



# न शोले, न मुगल-ए-आजम, ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म

**मुंबई।** आज के समय में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर 100-200 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप उस पहली भारतीय फिल्म का नाम जानते हैं, जिसने ये आंकड़ा छुआ था? ये उस दौर की बात है, जब फिल्में 10-20 करोड़ ही कमा लें तो ब्लॉकबस्टर की श्रेणी में आ जाती थीं। जब भी 100 करोड़ी फिल्मों की बात होती है तो 2000 के दशक में आईं 'गजनी' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों के नाम आते हैं। इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये आंकड़ा छुआ था, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पहली 100 करोड़ी फिल्म 80 के दशक में रिलीज हुई थी।




***डिस्को डांसर के बिके थे 12 करोड़ से ज्यादा टिकट :*** आपको बता दें कि ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी 'डिस्को डांसर' थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया।

# डिलेवरी बॉय से लेकर एसटीडी बूथ तक में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों में हीरो बनने का सपना लाखों एक्टर देखते हैं। लेकिन कुछ ही जुनूनी एक्टर्स का ये सपना सच हो पाता है। ऐसा ही एक जुनूनी अभिनेता है जिसने एक्टर बनने से पहले डिलेवरी बॉय के तौर पर काम किया। इतना ही नहीं एसटीडी फोन बूथ पर बतौर ऑपरेटर नौकरी की और क्लब्स में भी रोजगार तलाशते रहे। लेकिन जब हीरो बने तो धमाका कर दिया। अब इसी हीरो की फिल्म ने स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पटखनी दे डाली। हम बात कर रहे हैं 'सनम तेरी कसम' के हीरो 'हर्षवर्धन राणे' की।

***सनम तेरी कसम ने दुबारा रिलीज पर तोड़ा रिकॉर्ड :*** बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 9 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई। इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर अपनी पहली कमाई को पछाड़ दिया। इतना ही नहीं आमिर खान के लाडले जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया लेकिन हर्षवर्धन के लिए यहां का सफर आसान नहीं रहा है।

***डिलेवरी बॉय सहित कई जगह की नौकरी:*** इसके लिए हर्षवर्धन ने अपने स्ट्रगलिंग दिनों में डिलेवरी बॉय के तौर पर भी नौकरी की है। इसका खुलासा भी खुद हर्षवर्धन ने जॉन



अब्राहिम के साथ मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए किया था। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था, 'मेरे शुरुआती दिनों में मैंने कई तरह की नौकरियां की हैं। 2004 में मैंने एक एसटीडी बूथ में बतौर ओपरेटर की नौकरी की जहां मुझे दिनभर की कमाई में 10 रुपये मिला करते थे। इसके बाद मैंने साइबर कैफे में भी काम किया जहां मेरी तनख्वाह दिन की डबल यानी 20 रुपये हो गई थी।

***जॉन अब्राहम के घर गया था डिलेवरी देने :*** इसके बाद मैंने डिलेवरी बॉय का काम संभाला और मुझे जॉन अब्राहिम से मुलाकात का मौक भी मिला। मैं हैलमेट की डिलेवरी किया करता था और कंपनी ने जॉन अब्राहिम के यहां मुझे डिलेवरी के लिए भेजा था। जब मैं वहां पहुंचा तो जॉन अब्राहिम 10 मिनट बाद खुद मुझसे मिलने आए और मुझे शुक्रिया कहा। इतने बड़े स्टार की इस हम्बलनेस से मैं काफी प्रभावित हुआ था।'

***टीवी से की शुरुआत, मचाया जमकर धमाल :*** हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आए टीवी सीरियल 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' से की थी। इस सीरियल के बाद हर्षवर्धन ने साउथ की फिल्मों में काम तलाशना शुरू कर दिया। खास बात ये है कि हर्षवर्धन को साउथ की फिल्में भी मिलने लगीं। 2010 में हर्षवर्धन ने 'थकिता थकिता' नाम की साउथ फिल्म में काम किया। इसके बाद 2012 में 'ना इस्थाम' में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। इसके बाद ये सफर लगातार जारी रहा।

### री-रिलीज में स्टारकिड्स को पछाड़ा

हर्षवर्धन की फिल्म अब 2025 में पूरे 9 साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो तहलका हो गया और फिल्म ने 45 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर डाली। इतना ही नहीं हर्षवर्धन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने बॉक्स ऑफिस पर स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' को भी पछाड़ दिया है।

## नेशनल ब्रेवरी अवॉर्ड से की जा चुकी हैं सम्मानित

# 36 बच्चों की मां है 50 साल की ये हसीना, 600 करोड़ की प्रॉपर्टी को मार चुकी है ठोकर

*मुंबई। बॉलीवुड में ऐसे कई स्टार हैं, जो अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने सोशल वर्क के लिए भी जाने जाते हैं। इनमें सोनू सूद से लेकर जॉन अब्राहम और दीया मिर्जा सहित कई नाम शामिल हैं। ये स्टार, अपने-अपने स्तर पर सोशल वर्क में अपना योगदान दे रहे हैं। इस लिस्ट में 90 के दशक की भी एक एक्ट्रेस का नाम शुमार है। इस एक्ट्रेस ने जब इंडस्ट्री में कदम रखा तो अपनी क्यूटनेस और डिंपल्स से हर किसी का दिल जीत लिया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा के बारे में। क्या आप जानते हैं, प्रीति जिंटा एक-दो नहीं बल्कि 36 बच्चों की मां हैं। कैसे, चलिए बताते हैं।*



### 34 बच्चे बाल निकेतन के और 2 खुद के

प्रीति जिंटा ने साल 2016 में अमेरिकी बॉयफ्रेंड जीन गुडइनफ से शादी की थी, जिनके साथ वह अब विदेश में ही सेटल हो चुकी हैं। शादी के पांच साल बाद दोनों सरोगेसी के जरिए 2 जुड़वा बच्चों जय और जिया के पेरेंट बने। लेकिन, इससे पहले ही प्रीति 34 बच्चों की मां बन गई थीं। प्रीति जिंटा ने 2009 में अपने 34वें जन्मदिन पर खुद को बहुत प्यारा सा गिफ्ट दिया और ऋषिकेश के मदर मिरेकल अनाथालय की 34 अनाथ बच्चियों को गोद लेने का फैसला किया। इस तरह इन 34 अनाथ बच्चियों और अपने दो बच्चों के साथ प्रीति 36 बच्चों की मां बन चुकी हैं।

### 34 बच्चियों की पूरी परवरिश की ली जिम्मेदारी

प्रीति जिंटा ने एक पुराने इंटरव्यू में इन बच्चियों को गोद लेने की बात कही थी। इसी दौरान प्रीति ने कहा था कि वह हमेशा इन 34 बच्चियों की परवरिश का ख्याल रखेंगी। उनकी शिक्षा के खर्च से लेकर कपड़े, खाना और अन्य चीजों का खर्च भी वही उठाएंगी। प्रीति इन 34 बच्चियों को अपनी जिम्मेदारी मानती हैं और अक्सर अपनी इन बेटियों से मिलने ऋषिकेश जाती रहती हैं। प्रीति विदेश में रहते हुए भी इन बच्चियों के खर्च और जिम्मेदारी का पूरा ध्यान रखती हैं।



### शाहरुख खान की फिल्म से किया था डेब्यू

बता दें, प्रीति जिंटा ने 90 के दशक में बॉलीवुड डेब्यू किया था। प्रीति की पहली फिल्म 'दिल' थी, जिसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला लीड रोल में थे। इसके बाद प्रीति ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में कीं और बॉलीवुड के तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम किया। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'क्या कहना', 'कोई मिल गया' और 'वीर जारा' शामिल हैं। प्रीति अपनी फिल्मों के साथ ही अपनी खूबसूरती, क्यूटनेस और डिंपल के लिए भी मशहूर हैं।

### 600 करोड़ की संपत्ति लेने से किया इंकार

प्रीति जिंटा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा ये भी है कि उन्होंने विरासत में मिली 600 करोड़ की संपत्ति को ठोकर मार दी थी। दरअसल, अभिनेत्री को दिवंगत डायरेक्टर कमाल अमरोही के बेटे शानदार अमरोही अपनी बेटी की तरह मानते थे। यही नहीं, वे अपनी 600 करोड़ की संपत्ति प्रीति जिंटा को देना चाहते थे, लेकिन प्रीति ने इसे लेने से इनकार कर दिया। 13 की उम्र में अपने पिता को खो चुकीं प्रीति का तर्क था कि वह अपने जीवन में किसी को अपने पिता की जगह नहीं दे सकतीं और ना ही किसी की संपत्ति ले सकती हैं।

खबर संक्षेप

## अंतरराष्ट्रीय भाषण स्पर्धा में अंशिका प्रथम

**चरखी दादरी।** गांधियन सोसाइटी इंडिया और गांधियन सोसाइटी अमेरिका द्वारा अंतरराष्ट्रीय वीडियो भाषण प्रतियोगिता में श्रीराम पब्लिक स्कूल कान्हडा के नौवीं कक्षा की छात्रा अंशिका ने प्रतियोगिता में भागीदारी की। अपने भाषण में छात्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन के सभी पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर प्रथम 50 विजेताओं में अपना स्थान बनाया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 24 फरवरी को सुबह 11 बजे केआईआईटी कैंपस भोंडसी गुरुग्राम में होगा।

## शिविर में 120 मरीजों की आंखों की जांच

**भिवानी।** आरके जांगिड़ फाउंडेशन के सहयोग से गांव छपार में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में आईक्यूसुपर स्पेशलिटी, गायित्री ईवाईई अस्पताल व अग्निहोत्री ईवाईई अस्पताल के नेत्र अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. पवन सैनी, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. रवि कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने अपनी सेवाएं देते हुए लगभग 120 से अधिक लोगों के नेत्रों की जांच की। उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार लोगों को चश्में व दवाईयां प्रदान की। संस्था प्रधान दयानन्द शर्मा ने बताया कि जरूरतमंद की सहायता के लिए संस्था का गठन किया।

## गोशाला महासंघ के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**तोशाम।** हाल ही में क्षेत्र के गांव ढाणी माहू की गोशाला में आग लगने से हुए काफी नुकसान को लेकर मंगलवार को हरियाणा प्रदेश गोशाला महासंघ के अध्यक्ष डॉ. जगदीश मलिक ने गांव ढाणी माहू पहुंचकर गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बाबा मुंगीपा गोशाला तोशाम के प्रधान सतपाल दूहन, गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार, बेसी गोशाला के सदस्य ने पहुंच कर गोशाला का निरीक्षण किया।

### डीसी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व सुपोषित हरियाणा अभियान की समीक्षा में दिए निर्देश

# गैरकानूनी अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र, मोबाइल वैन व लिंग जांच पर कार्यवाही करें : डीसी

- उपायुक्त ने जिले में गिरते लिंग अनुपात को लेकर चिंता जाहिर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रावधानों और बच्चों में कुपोषण की समस्या को दूर करने की दिशा में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए केंद्र तथा राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है। सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे। डीसी ने कहा कि कुपोषण को समाप्त करने के लिए हमें एक साथ मिलकर काम करना होगा। सुपोषित हरियाणा अभियान के अंतर्गत उच्च अधिकारी कुपोषित बच्चों की देख रेख करेंगे और कुपोषित बच्चों को संतुलित पोषण दिया जाना सुनिश्चित करेंगे। बच्चों को पहले 6 साल तक संतुलित पोषण मिलना चाहिए, जिससे उनका पूर्ण शारीरिक विकास हो सकें। डीपीओ शालू यादव ने बताया कि जिले में आंगनबाड़ियों में 62000 से ज्यादा बच्चों का वजन एवं लंबाई मापी गई है, जिसमें मिले डेटा के आधार पर कार्ययोजना के तहत व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

डीसी ने जिले में गिरते लिंग अनुपात को लेकर चिंता जाहिर करते हुए गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन, लिंगानुपात आंकड़ों, पीसी एंड पीएनडीटी और एमटीपी रेडस संदर्भ में व्यापक समीक्षा की।

डीसी ने गैरकानूनी अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र, मोबाइल वैन तथा सीमावर्ती राज्यों में लिंग जांच का पता लगाते हुए और सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीसी अनुपमा अंजलि, सीटीएम प्रीति रावत, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, एसडीएम बावल उदय सिंह, एसडीएम कोसली विजय यादव, सीएमओ सुरेंद्र यादव, डीपीओ शालू यादव व सीडीपीओ मौजूद थे।



लोहारू। दिल्ली में मा. लीलाराम वर्मा को सम्मानित करते हुए गीतकार कीर्ति काले, इसरो वैज्ञानिक सुदेश रौनिजा व कवि निर्मल। फोटो : हरिभूमि

## लीलाराम वर्मा अखिल भारतीय सृजन सम्मान से अलंकृत

- स्टाफ सदस्यों ने दी बधाई, कार्यक्रम में लीलाराम की कविता ने बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

उपमंडल के गांव ढाणी गंगाबिशन के राजकीय प्राथमिक पाठशाला के शिक्षक मा. लीलाराम वर्मा को दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में फरीदाबाद की सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित समारोह में अखिल भारतीय सृजन सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान सुप्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक ठाकुर सुदेश रौनिजा, कवियत्री एवं गीतकार कीर्ति काले, संस्था के पदाधिकारी डॉक्टर मीना घूमेनिराली तथा डॉक्टर गरिमा भाटी गौरी ने प्रदान किया और लीलाराम वर्मा को बधाई दी। मा. लीलाराम को यह सम्मान मिलने पर बीईओ विजय प्रभा व क्षेत्र के अनेक सामाजिक संस्थान के सदस्यों व स्टाफ सदस्यों ने बधाईदी हैं। बता दें कि मा. लीलाराम वर्मा शिक्षण अधिगम को बेहतर बनाने और शिक्षा में नवाचार के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री व उपकरण तैयार चुके हैं। जिसके लिए वे शिक्षा विभाग से जुड़े अनेक कार्यक्रमों में कई बार सम्मानित हो चुके हैं। मा. लीलाराम शिक्षा के साथ साथ प्रकृति के संरक्षण और पौधारोपण के लिए भी सदैव तत्पर रहते हैं।

## सनातन संस्कृति में गाय की पूजा का विशेष महत्वः बालकृष्ण



रेवाड़ी। गोशाला में गोवंश को गुड़ खिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव पीथडावास निवासी युवा जितेश कुमार ने अपना 21वां जन्मदिन कुतुबपुर स्थित गो-उपचारशाला में गोमाता को गुड़ खिलाकर मनाया। इस मौके पर समाजसेवी बालकृष्ण यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में गाय की पूजा का विशेष महत्व है। गाय में सभी देवी देवताओं का वास माना जाता है।

गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गोमाता सभी को स्वस्थ और सुखी जीवन प्रदान करने में मदद करती है। हम सभी को आजीवन गोमाता की सेवा का प्रण लेना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी राधेश्याम जांगिड़, भरपाई देवी पूर्व पंच, सरपंच अनीता शर्मा, शिक्षक मुकेश कुमार, महेश कुमार, पूनम देवी, रणबीर सिंह, मनीषा देवी व आशीष कुमार भी मौजूद थे।

## नाहड़ कॉलेज में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा आयोजित चार सौ मीटर रेस में पूजा व अर्जुन ने मारी बाजी





रेवाड़ी। नाहड़ कॉलेज की खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी तथा शॉर्टपुट स्पर्धा में गोला फेंकते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

### यह रहे परिणाम

गर्ल्स लॉन्ग जंप में पूजा ने प्रथम, अनीता ने द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 400 मीटर रेस में अर्जुन ने पहला, निखिल ने दूसरा और विवेक ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में पूजा ने प्रथम, अंकिता ने द्वितीय एवं कविता ने तृतीय स्थान हासिल किया।

- राजकीय कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ
- प्राचार्य बोले ग्रामीण क्षेत्र का युवा वर्ग किसी भी स्पर्धा में पीछे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

राजकीय महाविद्यालय नाहड़ में मंगलवार को दो दिवसीय 43वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि कॉलेज के प्राचार्य डा. सूर्यपाल यादव ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. यादव ने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें आज के भविष्य का निर्माता बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का युवा वर्ग किसी भी प्रकार से किसी भी स्पर्धा में पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि खेलकूद जीवन का मुख्य आधार है। इससे भाईचारा, आपसी सहयोग तथा चरित्र निर्माण के साथ-साथ शारीरिक विकास होता है। डा. सुषमा यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा टोपी पहनाकर और बैज लगाकर सम्मानित किया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका प्रियंका कुमारी ने किया। उन्होंने युवा वर्ग को खेलकूद के महत्व के बारे में बताया तथा कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 1600 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, जैवलिन थ्रो, शॉर्टपुट, लॉन्ग जंप, हाई जंप और डिस्कस थ्रो सहित अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कॉलेज के खेलकूद प्रभारी सहायक प्राध्यापक नरेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# ऐतिहासिक होगा महाराणा जयंती समारोह

- जयंती समारोह की सफलता के लिस मड्डू ने किया जनसम्पर्क अभियान का श्रीगणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। एकत्रित लोगों को संबोधित करते वरिष्ठ भाजपा नेता परमजीत सिंह मड्डू। फोटो : हरिभूमि

वरिष्ठ भाजपा नेता परमजीत सिंह मड्डू ने कहा कि मई माह में होने वाला प्रदेश स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह ऐतिहासिक होगा। उन्होंने महाराणा प्रताप जयंती समारोह के लिए जनसम्पर्क अभियान चलाया हुआ है । इसी क्रम में मंगलवार को गांव तिगड़ाना में युवाओं की बैठक आयोजित की और उनको समारोह की सफलता के लिए अभियान चलाए जाने का आहवान किया।तिगड़ाना के अलावा अन्य आधा दर्जन गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि महापुरुष किसी एक विशेष बिरादरी के नहीं बल्कि 36 बिरादरी के लोगों के आदरणीय होते है। उनकी स्मृति में सभी को कार्यक्रम का आयोजन करके याद करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो युवा व व्यक्ति महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर चलता है। उस व्यक्ति को कभी भी जीवन असफलता का मुख नहीं देखना पड़ता। उन्होंने युवाओं से महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर चलने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि समारोह स्थल का चयन लोगों से विचार विमर्श करके किया जाएगा। इस मौके पर शैली जेलदार, विजेंद्र, कैप्टेन नरेंद्र, विजयंत,सुभाष, हरिओम, कमल, दीपक, अशोक, भीम, संदीप, लाला, आकाश, नेत्र, सुरेश चौहान आदि मौजूद थे।



## सोलो नृत्य में छात्रा नेहा ने मारी बाजी

**तोशाम।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग के दूसरे दिन मंगलवार को महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर गोदारा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर मंजीत सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रोफेसर गोदारा ने छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि इन गतिविधियों में भाग लेने से छात्राओं में आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है बल्कि आगामी समय में यही छात्राएं राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करती हैं। इस दौरान आयोजित हुए सोलो नृत्य में छात्रा नेहा ने प्रथम, तनु ने द्वितीय तथा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कुसुम ने प्रथम, पुष्पा ने द्वितीय तथा रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में कोमल ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय तथा नवजोत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मंच संचालन डॉक्टर जयपाल शास्त्री तथा डॉ. तरुणा ने किया। इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ का विशेष योगदान रहा।

## सोलर पैनल लगवाकर बिजली बिल का खर्चा करें कम

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने संबंधित विभागों के साथ आयोजित बैठक में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का लाभ उठाते हुए अंत्योदय परिवार अपने घर को आसानी से रोशन कर सकते हैं। अंत्योदय एवं अन्य कैटेगरी के परिवारों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए। उपायुक्त ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। जिले के प्रत्येक गांव को सौर ऊर्जा से सुसज्जित किया जाएगा। गांवों में हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को पहुंचाना है। ग्रामीण समुदायों को अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अधिक आत्मनिर्भर बनने के लिए सशक्त बनाना है।





भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## जी लिट्रा वैली स्कूल में फायर ब्रिगेड टीम ने बच्चों को किया जागरूक

**भिवानी।** जी-लिट्रा वैली स्कूल में अग्निशमन अधिकारियों व सहयोगियों द्वारा फायर सेफ्टी जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में दमकल कर्मी रणधीर सिंह, राजेश कुमार ने अपने सहयोगी सुनील कुमार, जोगिन्द्र व प्रशांत यादव के साथ विद्यालय पहुंचकर आग लगने के कारणों तथा उन पर तत्कालिन कार्यवाही करते हुए आग पर काबू कैसे पाया जाए इसकी पूर्ण जानकारी प्रदान की। जिसमें पट्रोल में, गैस सिलेण्डर में, बिजली में, बाइक में व अन्य यंत्र कहीं आग लगने पर तत्काल काबू पाने के लिए भिन्न-भिन्न प्रयोग करके दिखाए गए। उन्होंने शिक्षकों को भी प्रयोग करने के लिए आमंत्रित किया। जिससे वे कक्षाओं में समय -समय पर विद्यार्थी व अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करते रहें। इन प्रयोगों से बच्चों को वास्तविक स्थिति से निपटने का अनुभव मिला। इसके साथ ही फायर अलार्म के उपयोग और इसके महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर शैक्षणिक निदेशिका दिव्या गर्ग, उपप्राचार्या सुनीता त्रिखा, खेल प्रशिक्षक अनिल शर्मा, संजय भारद्वाज उपस्थित रहे।

युवा महोत्सव

### आईजीयू के कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश यादव ने पुरस्कृत किया

# इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की टीम में शामिल विद्यार्थियों को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित 38वें उत्तर-पश्चिम अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करने पर मंगलवार को आईजीयू के कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश यादव ने सम्मानित किया। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय की टीम ने तीन प्रतिस्पधाओं में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि चार प्रतिस्पर्धाओं में चौथा स्थान प्राप्त किया। तीन प्रतियोगिताओं वन एक्ट प्ले, इंस्टॉलेशन व वेस्टर्न सोलो में आईजीयू की टीम प्रथम स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए क्वालीफाई हुई हैं। उन्होंने भविष्य में कड़ी मेहनत के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयासों के द्वारा नई चीजों को सीखते रहना चाहिए।

विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने भी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के कौशल को निखार कर उन्हें सभी सुविधाएं देने का प्रयास करेंगे। राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी विवि के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह ने कहा कि आईजीयू के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और भविष्य में भी विद्यार्थी और अधिक मेहनत से अपनी प्रतिभाओं को निखारेंगे। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डा. जेएल द्विवेदी, म्यूजिक क्लब के मेंटर पुलकित शर्मा, थियेटर क्लब के डायरेक्टर मनोज शर्मा व एकंपनिस्ट मिस रेनू शर्मा सहित सत्येंद्र, मिस कुसुम और टीम इंचार्ज उपस्थित थे।

## बच्चों की पढ़ाई के लिए दी जा रही आर्थिक सहायता राशिः उपायुक्त

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि गरीब एकल और अनाथ बच्चों की पढ़ाई के लिए राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्पॉन्सरशिप स्कीम चलाई जा रही है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया की स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत पात्र बच्चों को 4 हजार रूपए प्रतिमाह के हिसाब से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि स्कीम को लेकर मापदंड निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पात्र परिवार में केवल दो बच्चों को ही इस योजना का लाभ दिया जा सकता है। महावीर कौशिक ने बताया कि स्कीम का लाभ लेने के लिए शर्तें निर्धारित की गई है।

सरपंच ग्राम पंचायत ढ़ोकिया
ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी, हरियाणा 123401
निविदा सूचना
ग्राम पंचायत ढ़ोकिया, खण्ड जाटुसाना, जिला रेवाड़ी द्वारा डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन एवं सिग्रेशन का कार्य करवाया जाना है। इच्छुक फर्म / वेंडर दिनांक 25.02.2025 तक अपनी कुटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत ढ़ोकिया के नाम भेज सकते हैं। जिस पर डोर टू डोर कलैक्शन एवं सिग्रेशन कार्य कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। प्राप्त कुटेशन का अध्यन / अवलोकन दिनांक 27.02.2025 को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत ढ़ोकिया में कार्यालय में कमेटी के समक्ष किया जाएगा।
हस्ता/- मनीषा कुमारी, सरपंच, ग्राम पंचायत ढ़ोकिया, खण्ड जाटुसाना (रेवाड़ी), मो. 9466873116

ग्राम पंचायत बालधन कलां
ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी
निविदा सूचना
ग्राम पंचायत बालधन कलां, खण्ड जाटुसाना, जिला रेवाड़ी द्वारा डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन एवं सिग्रेशन का कार्य करवाया जाना है। इच्छुक फर्म / वेंडर दिनांक 25.02.2025 तक अपनी कुटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बालधन कलां के नाम भेज सकते हैं। जिस पर डोर टू डोर कलेक्शन एवं सिग्रेशन कार्य कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। प्राप्त कुटेशन का अध्यन / अवलोकन दिनांक 27.02.2025 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत बालधन कलां में कार्यालय में कमेटी के समक्ष किया जाएगा।
हस्ता/- संदीप, सरपंच, ग्राम पंचायत बालधन कलां, खण्ड जाटुसाना (रेवाड़ी), मो. 9350405248

सरपंच ग्राम पंचायत हालूहेड़ा
ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी, हरियाणा 123401
निविदा सूचना
ग्राम पंचायत हालुहेड़ा, खण्ड जाटुसाना, जिला रेवाड़ी द्वारा डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन एवं सिग्रेशन का कार्य करवाया जाना है। इच्छुक फर्म / वेंडर दिनांक 25.02.2025 तक अपनी कुटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत हालुहेड़ा के नाम भेज सकते हैं। जिस पर डोर टू डोर कलैक्शन एवं सिग्रेशन कार्य कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। प्राप्त कुटेशन का अध्यन / अवलोकन दिनांक 27.02.2025 को प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत हालुहेड़ा में कार्यालय में कमेटी के समक्ष किया जाएगा।
हस्ता/ शर्मिला देवी, सरपंच, ग्राम पंचायत हालुहेड़ा, खण्ड जाटुसाना (रेवाड़ी), मो. 9466062095

## खबर संक्षेप

### झाड़ौदा में 'केवल ज्ञान-विज्ञान सत्संग' 23 से

**नाहड़।** खंड नाहड़ के गांव झाड़ौदा में मंदिर कमेटी एवं ग्राम वासियों की ओर से 23 से 25 फरवरी तक तीन दिवसीय 'केवल ज्ञान-विज्ञान सत्संग' आयोजित किया जाएगा। कमेटी प्रधान कैप्टन धर्मवीर सिंह तथा ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि शानू पंडित पुणे प्रवर्तक-रामद्वारा पुणे महाराष्ट्र गुरु सुखराम महाराज का केवल ज्ञान-विज्ञान सत्संग करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 से 11 बजे, दोपहर 3 से 5 बजे तथा रात्रि 8 से 10 बजे तक होगा। 25 फरवरी प्रातः 9 से 11 बजे तक सत्संग का समापन किया जाएगा।

### बीपीएमएस का नेत्र व जांच शिविर आज

**भिवानी।** जन-जन के कल्याण एवं जरूरतमंदों की सेवा को समर्पित देश की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ की ओर से बुधवार 19 फरवरी को राजरानी महाजन एवं कुलदीप राज महाराज की पुण्य स्मृति में निःशुल्क आंखों का मोतियाबिंद आपरेशन(लेंस वाला) एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। संस्था का ये 24वां शिविर सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में लगाया जाएगा। जांच के लिए टोकन 19 फरवरी को सुबह 8:30 बजे से पहले 'आओ-पहले पाओ' के आधार पर 300 रोगियों को ही दिए जाएंगे।

### आठ एकड़ में बने अवैध निर्माण गिराए

**चरखी दादरी।** जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माणों को गिरा दिया। विभाग की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट अमित की देखरेख में भैरवी-कलियाणा में आठ एकड़ में बनाई विकसित की जा रही अवैध कालोनी की चारदीवारी को जेसीबी मशीन से गिराया। जिला नगर योजनाकार ने कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्रोपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदें। कुछ डीलर शहर के चारों तरफ अवैध कालोनी विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो पूरी तरह से अवैध है। अवैध कालोनी में निर्माण करना गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित सड़कों एवं बाईपास की वर्जित पट्टी में किसी भी तरह का निर्माण न करें और नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पूर्व विभाग से अनुमति लेना सुनिश्चित करें। वर्ना इन्हें इसी तरह से गिरा दिया जाएगा।

### डीएसपी कोसली विद्यानंद ने बैहरामपुर व बास गांव में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# समन्वय से ही अपराध एवं अपराधियों पर लगाया जा सकता है अंकुश: विद्यानंद

- नशा, साइबर फ्रॉड व महिला विरुद्ध अपराधों को लेकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी





रेवाड़ी। गांव बास में ग्रामीणों को जानकारी देते डीएसपी तथा गांव बैहरामपुर में ग्रामीणों को जानकारी देते डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

डीएसपी कोसली विद्यानंद ने ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गांव बैहरामपुर व बास गांव का दौरा किया तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस मौके थाना कोसली प्रबंधक इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मचारी भी मौजूद थे।

पुलिस टीम ने गांव की पंचायत व ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में जानाकारी ली तथा उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर डीएसपी कोसली विद्यानंद ने कहा कि रेवाड़ी पुलिस का प्रयास है कि पुलिस व आमजन में दूरी न रहकर आपसी समन्वय बना रहे। पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराध एवं अपराधियों व गैरकानूनी धंधा करने वालों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से नशे के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अपनी भागीदारी करके अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनका अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है, ताकि वे अपनी ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग करें। इसके साथ ही नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए अलग अलग टीमें गठित की गई है, जो प्रतिदिन गांवों में जाकर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक कर रही है। पुलिस की ओर से नशा तस्करों व सप्लायरों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम किया जा रहा है। नशे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रयासरत है। डीएसपी ने कहा कि किसी को भी नशा तस्करी के बारे कोई भी सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

डीएसपी ने ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर जल्द से जल्द गांव को नशा मुक्त बनाकर जिले के नशा मुक्त गांव की सूची में शामिल कराएं। ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों ने गांव को नशा मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

#### साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

डीएसपी ने कहा सभी साइबर अपराधों से स्वयं को दूर रखे व सोशल मीडिया पर अन्जान लोगों से फ्रैंड व फॉलो रिक्वेस्ट असेप्ट न करे व अपनी गोपनीय जानकारी किसी को न दे। किसी भी साइबर अपराध के घटित होने की सूरत में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करे या पुलिस की साइबर क्राइम की वेबसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों पर भी पुलिस सख्ती से कार्रवाई कर रही है। महिलाओं को भी उनके अधिकारों व कानूनों की जानकारी दी जा रही है। महिला थाना व महिला हेल्पलाइन 1091 व डायल 112 पीड़ति की मदद के लिए है। महिलाएं कभी भी अपनी शिकायत दे सकती है। डीएसपी ने कहा कि कहीं भी मनचलों व असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने या कहीं भी जमावड़ा रहने पर इसकी जानकारी पुलिस को दें। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मौजिज व्यक्तियों से अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील भी की।



रेवाड़ी। कोसली में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते एसडीएम विजय कुमार।

# अपने आसपास सफाई व्यवस्था को बनाए रखें : एसडीएम

- कोसली एसडीएम ने नागरिक अस्पताल, रामबाग और आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने आम नागरिकों से सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने में अपना सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया है। एसडीएम ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए ग्राम पंचायत कोसली की ओर से व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया है।

उन्होंने गांव के सरपंच रामकिशन जांगड़ा के साथ नागरिक अस्पताल, रामबाग और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत की ओर से जेसीबी मशीन से कूड़े के ढेर को उठवाया जा रहा है। सरपंच रामकिशन ने बताया कि ग्राम पंचायत का प्रयास है कि कोसली में कहीं भी दूषित वातावरण उत्पन्न न हो। एसडीएम विजय कुमार ने कहा कि कचरा डंपिंग के लिए एक स्थान सुनिश्चित कर किया जाए तथा उसकी चारदीवारी कराई जाए। उन्होंने कहा कि इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। इस तरह के कार्यक्रमों के संपन्न होने के पश्चात कूड़े का शहर से दूर सही स्थान पर निस्तारण होना चाहिए। एसडीएम यादव ने कहा कि सीवरेज लाइनों की सफाई के लिए भी जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहरवासी अपने आसपास सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग दें और कहीं भी गंदगी दिखाई देती है तो ग्राम पंचायत को सूचित करें। उन्होंने कहा कि शहर साफ-सुथरा रहेगा तो बीमारियां फैलने का खतरा कम रहेगा। स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छता का होना आवश्यक है।

# लोक अदालत में मिलता शीघ्र व सुलभ न्याय, जिसकी अपील नहीं: सीजेएम

- स्थाई लोक अदालत में 6 मार्च, उपभोक्ता न्यायालय में 7 मार्च तथा रेवाड़ी, बावल व कोसली न्यायिक परिसरों में 8 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक प्राधिकरण की ओर से 8 मार्च को रेवाड़ी, बावल व कोसली की न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व स्थाई लोक अदालत में 6 मार्च तथा कंज्यूमर कोर्ट यानि उपभोक्ता न्यायालय में 7 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों की सुनवाई की जाएगी।

परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अमित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। लोक अदालत में शीघ्र व सुलभ न्याय मिलता है, जिसकी कहीं कोई अपील नहीं होती और अंतिम रूप से मामलों का निपटारा हो जाता है।



सीजेएम अमित वर्मा।

### अजा आयोग के अध्यक्ष आज करेंगे सुनवाई

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डा. रविन्द्र बलियाला की अध्यक्षता में बुधवार को विभिन्न मामलों की सुनवाई के लिए बैठक का आयोजन किया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने लोक निर्माण विश्राम गृह में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली बैठक में विभिन्न मामलों के वादी, शिकायतकर्ता, प्रतिवादी,आरोपी एवं केस से संबंधित सभी जांच अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न थानों में दर्ज लगभग 72 मुकदमों तथा 8 अन्य शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। डीस्सी ने कहा कि मामलों से जुड़े सभी आमजन बैठक में निर्धारित समय पर जरूरी दस्तावेजों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# हैप्पी कार्ड वितरण के लिए गांवों में चलाया जा रहा अभियान

- डीसी ने बताया कि हैप्पी कार्ड के वितरण को बढ़ाने तथा गांवों के लाभार्थियों की सुविधा को लेकर गांव-गांव जाकर हैप्पी कार्ड वितरित करने का निर्णय लिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश के नागरिकों के लिए फैमिली आईडी के माध्यम से हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना यानि हैप्पी कार्ड योजना शुरू की हुई है। योजना के तहत जिले के लाभार्थियों को रेवाड़ी रोडवेज डिपो की ओर से हैप्पी कार्ड वितरित किए जा रहे है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हैप्पी कार्ड प्राप्त करने के लिए बहुत ही कम संख्या में लाभार्थी पहुंच रहे है। उन्होंने बताया कि हैप्पी कार्ड के वितरण को बढ़ाने तथा गांवों के लाभार्थियों की सुविधा को लेकर गांव-गांव जाकर हैप्पी कार्ड वितरित करने का निर्णय लिया गया है। 19 फरवरी को औलांत, दखौरा, भगवानपुर कंवाली, पाली व गोठड़ा, 20 फरवरी को मूंदी एवं भठेड़ा, कारोली, बिसोहा, अहरोद, कोलाना व ढ़ाणी शोभा, 21 फरवरी को डहीना एवं जैनाबाद, नेहरूगढ़, भाकली, मामड़िया, कढ़ू, गोपालपुर प्राणपुरा तथा 22 फरवरी को मंदौला एवं निमोठ, रतनथल, सुखपुरा, चिताडूंगरा, भांडोर, बवाना गुर्जर व माखरिया में हैप्पी कार्ड वितरित किए जाएंगे। मंगलवार को गांव सीहा, सुधराना, जुड्डी, टींट, कुंडल, हरजीपुर तथा सुंदरोज में लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए गए। सभी लाभार्थियों को दूरभाष के माध्यम से भी अवगत कराया जा रहा है। जीएम रोडवेज देवदत्त ने बताया कि सभी लाभार्थी अपना आधार कार्ड एंव मोबाईल, जिसमें हैप्पी कार्ड ओटीपी हो साथ लेकर आए तथा अपना हैप्पी कार्ड प्राप्त कर हरियाणा रोडवेज की बसों 1000 किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा का लाभ उठा सकते है।



डीसी अभिषेक मीणा।

### छुरियावास में महाशिवरात्रि पर मेला व खेल मुकाबले 26 को

**रेवाड़ी।** गांव छुरियावास में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर कमेटी और ग्रामवासियों की ओर से शिव मंदिर परिसर में वार्षिक मेले और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के प्रधान रघुवीर यादव ने बताया कि इस मौके पर भंडारा भी लगाया जाएगा। सुबह हवन के बाद होली गायन और वालीबॉल शूटिंग खेल प्रतियोगिता कराई जाएगी। ग्राम सरपंच नीलम ने बताया कि शिव मंदिर में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले, होली गायन और खेल प्रतियोगिता के लिए जरूरी तैयारियां कर ली गई हैं। वालीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 21 हजार व द्वितीय विजेता को 11 हजार रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा।

### फंदे पर लटका मिला लापता व्यक्ति का शव

**नाहड़।** खंड नाहड़ के गांव खुर्शीद नगर से घर से लापता हुआ 55 वर्षीय व्यक्ति का शव खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी अनुसार खुर्शीद नगर निवासी 55 वर्षीय जयपाल 11 फरवरी को परिजनों को बिना बताए घर से चला गया था। व्यक्ति की तलाश करने के बाद 14 फरवरी को उसके पुत्र जोगेंद्र ने नाहड़ चौकी में अपने पिता कि गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। मंगलवार को पुसिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति खेत में पेड़ पर लटका हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो जयपाल ने अपने खेत के पेड़ पर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली थी।



रेवाड़ी। एसपी से मिलने पहुंचे अनाज मंडी के व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

# लापता व्यापारी की तलाश को लेकर एसपी से मिला नई अनाजमंडी व्यापार मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

मंगलवार को नई अनाज मंडी के व्यापारियों ने लापता हुए व्यापारी अंकित गुप्ता को लेकर मीटिंग में चर्चा की। नई अनाज मंडी के प्रधान राधेश्याम मित्तल के नेतृत्व में व्यापार मंडल व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल ने एसपी डा. मयंक गुप्ता से मिलकर व्यापारी की शीघ्र करने को लेकर शिकायत भी दी। डीएसपी मुख्यालय डा. रविन्द्र कुमार ने अंकित गुप्ता के बारे में व्यापारियों से जानकारी ली तथा उनको पूरी जांच करने के लिए विश्वास दिलाया। मीटिंग में अनाज मंडी के काफी व्यापारी उपस्थित थे। सूत्रों के अनुसार अगर दो दिन में व्यापारी अंकित का पता नहीं लगता तो व्यापारी हड़ताल कर अनाज मंडी बंद रखेंगे।

# मिस्त्र दूतावास के प्रतिनिधि मंडल ने कोसली कॉलेज का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली



रेवाड़ी। एमडीएस कॉलेज में मिस्त्र दूतावास के प्रतिनिधि व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को मिस्त्र दूतावास नई दिल्ली से डा. आयत सद्द अहमद और एएमआर एएलवाई महाप्रबंधक-इजिप्टएयर नई दिल्ली ने एमडीएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन कोसली का दौरा किया। उनका मुख्य उद्देश्य वैश्विक भागीदारी का सम्मान करना और संबंधों को मजबूत करना था। एमडीएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन कोसली के चेयरमैन होशियार नंबरदार ने विदेशी प्रतिनिधियों की मेजबानी की।

उन्होंने कहा मेजबानों की उपस्थिति भारत और मिस्त्र के बीच एक उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। यह पहल शिक्षा संस्थानों के बीच द्विपक्षीय शिक्षा को बढ़ावा देगी, जिससे भारतीय छात्र मिस्त्र में अध्ययन करेंगे। इस अवसर पर जर्नल डायरेक्टर इजिप्ट एयर वेज अमर अली,नयन सिंह,सिराज खान,नेवी कमांडेंट राजेंद्र सिंह पूर्व मंत्री राव रामनारायण, कर्नल अतुल चौधरी, हरविंदर मोहन, धर्मेंद्र यादव,भाजपा नेता वीरकुमार यादव,कांग्रेस नेता ओमप्रकाश डाबला, पूर्व डीएसपी सत्यवान यादव,सतबीर सिंह यादव,राजसिंह आर्य व जगदीश यादव सहित कॉलेज स्टाफ व छात्र उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**कार्रवाई** नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें : डीटीपी

# डीटीपी ने तीन एकड़ की अवैध कॉलोनी को किया जमींदोज, तीन शोरूम भी किए ध्वस्त

डीटीपी राजेन्द्र टी शर्मा बोले अवैध निर्माण पर सरकार का रवैया सख्त, लोग सोच समझ कर प्रॉपर्टी के लिए इनवेस्ट करें, प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर पैसा बर्बाद न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी





रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी तथा अवैध दुकान को तोड़ते हुए जेसीबी तथा इनसेट में डीटीपी राजेंद्र टी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

डीटीपी टीम ने मंगलवार को एनएच-48 से झज्जर रोड लाइन पर अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की कार्रवाई के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। मंगलवार को डीटीपी की टीम पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ मौके पर पहुंची, जहां डीटीपी की टीम ने 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज किया। टीम ने 5 डीपीसी व तीन शोरूम पर तोड़फोड की कार्रवाई की।

**नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें :** डीटीपी राजेन्द्र टी शर्मा ने कहा कि सरकार ने अवैध निर्माण पर सख्त रवैया अपनाया हुआ है और ऐसे लोगों को नोटिस भी दिए जा चुके है। पूरे हरियाणा मे अवैध निर्माण पर तोड़फोड की जा रही है। डीटीपी ने कहा कि लोग सोच समझ कर प्रॉपर्टी के लिए इनवेस्ट करें। अवैध कॉलोनियों में पैसा खराब न करें। उन्होंने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े। डीटीपी की ओर से अवैध निर्माणों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।